# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

(सम विश्वविद्यालय)

कार्य का नाम

## संस्थान परिसर के आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों पर स्थित पीवीसी/आरसीसी ओवरहेड टैंकों की यांत्रिकृत सफाई हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध

# बिड दस्तावेज़

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

(सम विश्वविद्यालय)

क्रमांक: E/B&R/Water Tank AMC/40/2025-26/16 17 जुलाई, 2026

## निविदा आमंत्रण सूचना

संस्थान द्वारा प्रतिष्ठित एवं पात्र ठेकेदार फर्मों/एजेंसियों/कंपनियों से दो-बिड (तकनीकी एवं वित्तीय) प्रणाली के अंतर्गत **"संस्थान परिसर के आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों पर स्थित पीवीसी/आरसीसी ओवरहेड टैंकों की यांत्रिकृत सफाई हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध"** प्रदाय किये जाने हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसकी अनुमानित लागत रु. 8,59,060/- है, आवेदन प्रपत्र शुल्क शून्य (NIL) है तथा ई.एम.डी. रु. 43,000/- की बिड सिक्योरिटी कुलसचिव, एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करना आवश्यक है।

इच्छुक फर्म/एजेंसियां/कंपनियां, जो निविदा दस्तावेज़ में निर्धारित पात्रता शर्तों के अनुसार पात्र हैं, अपनी निविदाएं निर्धारित प्रारूपों में समस्त दस्तावेज़ों सहित स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा अथवा व्यक्तिगत, सहायक कुलसचिव (संपदा), एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के कार्यालय में स्थित निविदा पेटी में **दिनांक 10.08.2026 को अपराह्न 3.00 बजे** तक जमा किये जा सकते हैं। तकनीकी बिड **दिनांक 10.08.2026 को अपराह्न 4.00 बजे** खोली जाएंगी तथा केवल तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं की वित्तीय बोली मे बोलीदाताओं को सूचित कर खोली जाएगी।

विस्तृत निविदा दस्तावेज़-सह-प्रपत्र संस्थान की वेबसाइट *www.lnipe.edu.in* एवं CPP पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है, जो इस NIT का अभिन्न अंग बनता है।

*नोटः प्रमाणिकता के लिए अंग्रेज़ी संस्करण को प्राथमिकता दी जाएगी।*

(प्रो. यतेन्द्र कुमार सिंह)
**कुलसचिव प्रभारी**

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

**(मानद विश्वविद्यालय)**

## निविदा दस्तावेज़

## संस्थान परिसर के आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों पर स्थित पीवीसी/आरसीसी ओवरहेड टैंकों की यांत्रिकृत सफाई हेतु वार्षिक रख-रखाव अनुबंध

### 1. तकनीकी बिड:

बिड एजेंसियों को तकनीकी बिड **अनुलग्नक 'A'** में दिए गए प्रारूप में निम्नलिखित दस्तावेज़ों की प्रतियों के साथ, विधिवत हस्ताक्षरित/स्वप्रमाणित रूप में, पात्र घोषित होने हेतु प्रस्तुत करना आवश्यक है:-

1. कुलसचिव, एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में बिड सिक्योरिटी (EMD)।
2. टर्नओवर प्रमाण-पत्र, **अनुलग्नक 'B'** में दिए गए प्रारूप में।
3. बोलीदाता का पंजीकरण प्रमाण-पत्र (Certificate of Incorporation)।
4. CGST/SGST अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण, यदि लागू हो, नवीनतम कर रिटर्न की प्रति सहित।
5. एजेंसी का स्थायी खाता संख्या (PAN) तथा पूर्ववर्ती 3 वित्तीय वर्षों का आयकर रिटर्न।
6. 31 मार्च 2025 को समाप्त विगत 3 वित्तीय वर्षों के दौरान औसत वार्षिक वित्तीय टर्नओवर अनुमानित लागत के कम से कम 30% होना चाहिए (निविदा दस्तावेज़ में निर्धारित प्रारूप में चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा जारी "टर्नओवर प्रमाण-पत्र" संबंधित वर्षों की बैलेंस शीट एवं आयकर रिटर्न सहित संलग्न करें)।
7. विगत 7 वर्षों (नवंबर 2025 तक) में सरकारी या अन्य संगठनों/PSUs/शैक्षणिक संस्थानों में समान कार्य अर्थात् पीवीसी/आरसीसी ओवरहेड टैंकों की यांत्रिकृत सफाई का सफलतापूर्वक निष्पादन का अनुभव, निम्नानुसार:-

   तीन समान पूर्ण कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 40% के बराबर राशि से कम न हो;

   **अथवा**

   दो समान पूर्ण कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 50% के बराबर राशि से कम न हो;

   **अथवा**

   एक समान पूर्ण कार्य, जिसकी लागत अनुमानित लागत के 80% के बराबर राशि से कम न हो।

   (उक्त अनुसार कार्य आदेशों की प्रतियां उनके संबंधित अनुबंध पूर्णता प्रमाण-पत्रों सहित संलग्न करनी होंगी।)

8. टैंकों को कीटाणुरहित करने हेतु प्रयुक्त एंटी-बैक्टीरियल एजेंट की खरीद के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) से प्राप्त लाइसेंस की प्रति अथवा विगत दो वर्षों के दौरान FDA की लाइसेंस प्राप्त फर्म से एंटी-बैक्टीरियल एजेंट की खरीद का प्रमाण प्रस्तुत करें।

9. अनुबंध कार्य के निष्पादन हेतु निम्नलिखित पानी के टैंक सफाई उपकरण, मशीनरी, टूल्स एवं प्लांट्स की न्यूनतम आवश्यकता होगी (मशीनों की व्यवस्था एवं रखरखाव ठेकेदार द्वारा किया जाएगा एवं अनुबंध से पूर्व इनका संस्थान को निरीक्षण कराना आवश्यक होगा):-

   a) पोर्टेबल सबमर्सिबल पंप (3000 लीटर/घंटा प्रवाह दर सहित);
   b) स्लज रिमूवल पंप;

c) उच्च दबाव वाटर जेट पंप (जो 80-140 बार का दबाव उत्पन्न करता हो);
d) औद्योगिक वैक्यूम क्लीनर;
e) FDA अनुमोदित एंटी-बैक्टीरियल सामग्री;
f) यू.वी. रेड फिक्स्चर्स।

10. रु. 500/- के गैर-न्यायिक स्टांप पर शपथ-पत्र पर निम्नलिखित आशय की घोषणा प्रस्तुत करना आवश्यक है कि-

a) बोलीदाता कंपनी के स्वामी/फर्म/भागीदार के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में कोई लंबित प्रकरण नहीं है;

b) बोलीदाता द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान वैधानिक देय जैसे EPF, EST, GST, आयकर आदि के भुगतान में चूक नहीं की है;

c) बोलीदाता को विगत तीन वर्षों के दौरान किसी भी सरकारी संगठन/PSU/स्वायत्त निकाय/सरकारी शैक्षणिक संस्थान द्वारा कालीसूचीबद्ध (blacklisted) नहीं किया गया है, न ही उसके किसी अनुबंध को विगत तीन वर्षों के दौरान अवधि समाप्ति से पूर्व समाप्त किया गया है।

## B. वित्तीय बिड:

वित्तीय बोली **अनुलग्नक 'C'** के प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी।

## C. कार्य का दायरा (Scope of Work):

1. 50000 लीटर क्षमता के Terrace/Loft Water Storage Tank (आंतरिक सतह क्षेत्र) की ऊंचाइयों पर नारियल ब्रश, डस्टर आदि से सफाई;

2. औद्योगिक वैक्यूम क्लीनर की सहायता से फर्श से यांत्रिक डीवॉटरिंग, गाद एवं कचरे को हटाना;

3. 100 से 150 बार का दबाव उत्पन्न करने वाले उपकरण की सहायता से उच्च दबाव वाटर जेट द्वारा टैंक (दीवारें, छत एवं फर्श) की सफाई;

4. टैंक की क्षमता के प्रति लीटर 0.5 ग्राम की दर से ब्लीचिंग पाउडर द्वारा कीटाणुशोधन;

5. सरकार द्वारा अनुमोदित प्रयोगशाला से प्रमाणित गैर-विषाक्त, जैव-निम्नीकरणीय, पर्यावरण-अनुकूल एंटी-बैक्टीरियल एजेंट का छिड़काव कर टैंक से समस्त हानिकारक रोगाणुओं को कीटाणुरहित करना। प्रयुक्त मात्रा OECD दिशानिर्देशों के अनुसार होनी चाहिए;

6. यू.वी. विकिरण के संपर्क में लाकर टैंक के आंतरिक भाग का उपचार, जिससे यदि कोई निलंबित अथवा तैरते जीवाणु हों तो वे नष्ट हो जाएं;

7. स्टैंसिल एवं पेंट की सहायता से टैंक के पार्श्व पर सफाई की दिनांक अंकित करना;

8. मलबे का निपटान करना;

9. स्वच्छ जल की सहायता से 2 बार आंतरिक एवं बाह्य दोनों ओर से पुनः सफाई करना;

10. जल कनेक्शन पुनर्स्थापित करना;

11. व्यक्तिगत जल टैंक सफाई कार्य पूर्ण होने के पश्चात निर्धारित प्रारूप में भवन प्रभारी एवं/अथवा निवासी, जैसी भी स्थिति हो, के हस्ताक्षर लेकर "कार्य सम्पन्न" प्रमाणित कराना। (कार्यालय भवन के संबंधित प्रभारी एवं/अथवा निवासी, जैसी भी स्थिति हो, को विधिवत एवं पूर्व सूचना देने के पश्चात ही कार्य प्रारंभ किया जाना चाहिए।)

## D. ओवरहेड टैंकों का विवरण (अस्थायी):

| क्र. सं. | स्थान का विवरण | क्षमता | मात्रा* (अस्थायी) | यांत्रिकृत सफाई की आवृत्ति |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **आवासीय छात्रावास एवं भोजनालय (मेस)** | 1000 लीटर तक<br>1001 से 5000 लीटर तक | 138 नग<br>27 नग | दो माह में एक बार |
| **2** | **गैर-आवासीय भवन: (शैक्षणिक, प्रशासनिक, पुस्तकालय एवं अन्य भवन)** | 1000 लीटर तक<br>1001 से 5000 लीटर तक | 123 नग<br>36 नग | चार माह में एक बार |
| **3** | **आवासीय क्वार्टर** | 1000 लीटर तक | 188 नग | छः माह में एक बार |
| **4** | **ओवरहेड टैंक:**<br>**(A) एथलेटिक ट्रैक के सामने (टैंक सं.1)**<br>**(B) आवासीय क्वार्टर के सामने (टैंक सं.2)**<br>**(C) प्रशासनिक भवन के सामने (टैंक सं.3)**<br>**(D) नर्सरी में (टैंक सं.4)**<br>**(E) नवीन खेल विज्ञान ब्लॉक के निकट (टैंक सं.5)**<br>**(F) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स हॉस्टल (टैंक सं.6)** | <br>25000 लीटर<br>35000 लीटर<br>15000 लीटर<br>15000 लीटर<br>50000 लीटर<br>10000 लीटर | <br>1 नग<br>1 नग<br>1 नग<br>1 नग<br>1 नग<br>4 नग | वर्ष में एक बार (अथवा आवश्यकतानुसार) |

(*) एल.एन.आई.पी.ई. परिसर में वर्तमान में स्थापित टैंकों की लोकेशन के अनुसार, जो कि AMC की अवधि के दौरान नई खरीद/जोड़/हटाने के कारण समय-समय पर परिवर्तित हो सकती है। प्लांट्स के किसी भी नए जोड़ की दरें संबंधित श्रेणी के टैंक के लिए निर्धारित दर के अनुसार होंगी एवं ऐसे मामलों में भुगतान AMC की अवधि हेतु यथानुपातिक आधार पर किया जाएगा।

## F. निविदा प्रस्तुति की प्रक्रिया:

1. निविदाएं एक मोहरबंद लिफाफे में, जिस पर **"संस्थान परिसर के आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों पर स्थित पीवीसी/आरसीसी ओवरहेड टैंकों की यांत्रिकृत सफाई हेतु वार्षिक रखरखाव अनुवंध के लिए निविदा"** अंकित हो, प्रस्तुत करनी होंगी, तथा **दिनांक 10.08.2026 को अपराह्न 3.00 बजे** तक सहायक कुलसचिव (सम्पदा) के कार्यालय में रखी निविदा पेटी में डालनी होंगी। उक्त विषय का स्पष्ट उल्लेख करते हुए स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा भी भेजी जा सकती है, एवं ऐसे मामलों में यह बिडदाता का दायित्व होगा कि निविदा **दिनांक 10.08.2026 को अपराह्न 3.00 बजे** तक संस्थान में पहुंच जाए।

2. मुख्य निविदा लिफाफे में निम्नानुसार दो मोहरबंद लिफाफे होने चाहिए:-

**लिफाफा सं. 1 - "तकनीकी विड"** "अनुलग्नक 'A' के अनुरूप प्रारूप में आवश्यक दस्तावेज़ों तथा यथानिर्धारित अनुलग्नक 'B' एवं 'C' सहित।

**लिफाफा सं. 2 - "वित्तीय विड"** "अनुलग्नक 'C' के अनुरूप प्रारूप में, इस हेतु प्रदान किए गए स्थान पर अंकों एवं शब्दों दोनों में दी जाएगी।

3. तकनीकी बिड के समस्त पृष्ठ विधिवत पृष्ठ-संख्यांकित होने चाहिए, बिडदाता द्वारा निचले हिस्से पर जहां भी आवश्यक हो हस्ताक्षरित एवं मोहर लगी होनी चाहिए।

4. वित्तीय बोली दस्तावेज भी विधिवत हस्ताक्षरित हो।

5. सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएंगी।

6. तकनीकी बोली खुलने से पूर्व किसी भी समय, संस्थान, किसी भी कारण से, अपनी वेबसाइट के माध्यम से समुचित संशोधनों द्वारा निविदा दस्तावेज़ में परिवर्तन कर सकता है। पृथक से कोई सूचना भेजने की आवश्यकता नहीं होगी।

7. बोलीदाताओं को निविदा दस्तावेज़ में उल्लिखित शर्तों का पालन करना होगा एवं तदनुसार प्रारूपों (तकनीकी एवं वित्तीय) को स्पष्ट रूप से भरना होगा, अन्यथा संस्थान को उसे अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

8. अपूर्ण भरी हुई निविदाएं संक्षेप में अस्वीकृत कर दी जाएंगी।

9. तकनीकी बिड विधिवत गठित निविदा खोलने वाली समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बिडदाताओं/प्रतिनिधियों, यदि कोई हो, की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

10. तकनीकी रूप से योग्य एजेंसियों की वित्तीय बिड ऐसी एजेंसियों को टेलीफोन अथवा पत्र द्वारा, जैसा भी संस्थान के लिए संभव हो, विधिवत सूचना देकर खोली जाएंगी।

11. बोलीदाता अपनी निविदा प्रस्तुति से पूर्व, यदि चाहें तो, स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं।

12. ऐसे बोलीदाताओं से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा जो अपनी तकनीकी बिड के आधार पर अस्वीकृत किए जाते हैं।

## G. अनुबंध की सामान्य शर्तें:

1. कार्य के निष्पादन हेतु अनुमानित लागत मात्र एक मोटे मार्गदर्शन के रूप में दी गई है। अनुसूची में उल्लिखित मात्रा एवं वस्तुएं भिन्न हो सकती हैं, जिन्हें ठेकेदार को स्वीकृत दरों पर स्वीकार करना होगा। भुगतान एजेंसी को स्थल पर वास्तविक रूप से किए गए कार्य के अनुसार किया जाएगा।

2. यह अनुबंध एक वर्ष की अवधि हेतु वैध होगा एवं अनुबंध की तिथि से लागू होगा, तथापि संस्थान एवं ठेकेदार की पारस्परिक सहमति के अधीन, अनुबंधित दर पर, मूल प्रचलित दरों से अधिकतम 5% की वृद्धि के साथ, एक-एक वर्ष की दो अतिरिक्त अवधियों हेतु नवीनीकृत किया जा सकता है।

3. कार्य प्रदाय संबंधी सूचना के पश्चात, सफल बोलीदाता को 15 दिनों के भीतर, रु. 500/- का गैर-न्यायिक स्टांप प्रस्तुत कर, वर्तमान निविदा की शर्तों एवं नियमों पर, संस्थान के साथ कार्य हेतु एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने होंगे। ठेकेदार को रजिस्ट्रार, एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के नाम पर फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में अनुबंध मूल्य का 10% सिक्योरिटी डिपॉजिट भी जमा करना होगा। सिक्योरिटी डिपॉजिट 1 वर्ष की अनुबंध अवधि के सफल/संतोषजनक समापन पर, ठेकेदार के लिखित अनुरोध पर वापसी योग्य होगा। ऐसी वापसी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

4. बोलीदाताओं को अग्रिम धन जमा (EMD) प्रस्तुत करने से छूट नहीं है एवं उन्हें बिड सिक्योरिटी जमा करनी होगी।

5. MSME पंजीकृत बोलीदाता को EMD से छूट प्राप्त है।

6. EMD और प्रदर्शन सुरक्षा की वापसी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

7. बोलीदाता निविदा दस्तावेज़ में दी गई विभिन्न शर्तों एवं नियमों के अनुसार अपनी दरें उद्धृत करेंगे। समस्त आवश्यक सामग्री एवं श्रम ठेकेदार द्वारा प्रदान किया जाएगा।

8. संस्थान के सक्षम प्राधिकारी को निविदा के संपूर्ण अथवा किसी भी भाग को स्वीकार करने का अधिकार आरक्षित है एवं ठेकेदार उद्धृत दरों पर उसका निष्पादन करने हेतु बाध्य होगा।

9. कार्य हेतु निविदा, निविदाएं खोलने की दिनांक से 180 दिनों की अवधि तक स्वीकृति हेतु खुली रहेगी।

10. कार्य आदेश के पुरस्कार एवं अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के 15 दिनों के भीतर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यदि कोई बाधा उत्पन्न होती है, तो उसकी सूचना पर्यवेक्षक (B&R) के कार्यालय को दी जा सकती है एवं तदनुसार, यदि आवश्यक हो, समयावधि में विस्तार किया जाएगा।

11. ठेकेदार को भुगतान त्रैमासिक आधार पर, सभी टैंकों की आवधिक संतोषजनक कार्य रिपोर्टों के साथ बिल प्राप्त होने पर किया जाएगा।

12. उप-अनुबंध (sub-contracting) की अनुमति नहीं होगी।

13. यदि ठेकेदार अनुबंध की अवधि के दौरान कार्य से अलग हो जाता है अथवा संस्थान की संतुष्टि के अनुरूप अनुबंध के अनुसार कार्य निष्पादित करने में विफल रहता है, अथवा अनुबंध की किसी भी शर्त एवं नियम का उल्लंघन करता है, तो संस्थान को EMD एवं/अथवा निष्पादन प्रतिभूति को जब्त करने तथा ठेकेदार को कालीसूचीबद्ध करने का अधिकार होगा, जिसके लिए अनुबंध समाप्ति की 1 (एक) माह की लिखित सूचना दी जाएगी।

14. ठेकेदार द्वारा तैनात समस्त कार्यरत कर्मचारी विनम्र एवं सुव्यवहारी होंगे तथा कार्य के घंटों के दौरान, साथ ही संस्थान परिसर के भीतर, मदिरापान नहीं करेंगे।

15. कार्य की दरों में समस्त उपयुक्त सामग्री, श्रम, मशीनरी, मशीनें, टूल्स एवं प्लांट्स तथा कार्य के संपूर्ण निष्पादन हेतु आवश्यक समस्त उपकरणों की लागत सम्मिलित होनी चाहिए।

16. उद्धृत दरों में GST, यदि कोई हो, सम्मिलित होगा एवं ठेकेदार अनुबंध की वैधता अवधि के दौरान किसी कानून/विनियमन आदि के अधिनियमन के कारण किसी क्षतिपूर्ति का हकदार नहीं होगा। संस्थान इस संदर्भ में किसी भी ऐसे दावे पर विचार नहीं करेगा।

17. संस्थान इस अनुबंध के अंतर्गत ठेकेदार को किए जाने वाले समस्त भुगतानों से, IT अधिनियम अथवा समय-समय पर लागू किसी अन्य कानून के प्रावधानों के अनुसार, आयकर एवं कोई अन्य लागू कर स्रोत पर कटौती करेगा।

18. निविदा का मानदंड एजेंसी द्वारा उद्धृत न्यूनतम लागत पर आधारित होगा।

19. संस्थान को एजेंसी के अंतिम चयन से पूर्व उद्धृत दरों का औचित्य पूछने का अधिकार आरक्षित है।

20. ठेकेदार किसी भी उपकरण के असामान्य कार्यप्रणाली अथवा त्रुटिपूर्ण संचालन की तत्काल सूचना पर्यवेक्षक (B&R) को देने तथा खराबी/व्यवधान से बचने हेतु समयानुसार कदम उठाने के लिए उत्तरदायी होगा।

21. ठेकेदार उपकरण, मशीनरी अथवा प्रणाली को ठेकेदार के अधिकृत कर्मचारियों की लापरवाही/त्रुटि के कारण होने वाली किसी भी क्षति के लिए उत्तरदायी होगा एवं उसकी क्षतिपूर्ति उसके स्वयं के जोखिम एवं लागत पर करनी होगी।

22. ठेकेदार को समय-समय पर संशोधित समस्त विद्युत नियमों का पालन करना होगा तथा उसकी ओर से लापरवाही के कारण किसी भी दुर्घटना के लिए ठेकेदार उत्तरदायी होगा।

23. संस्थान एवं ठेकेदार के बीच किसी विवाद की स्थिति में, मध्यस्थ की नियुक्ति कुलपति, एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर द्वारा की जाएगी तथा मामला इस प्रकार नियुक्त मध्यस्थ को संदर्भित किया जाएगा, जिसका निर्णय बाध्यकारी एवं अंतिम होगा।

24. निविदाओं के संदर्भ में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कैनवासिंग सख्त वर्जित है तथा कैनवासिंग का सहारा लेने वाले निविदादाताओं द्वारा प्रस्तुत निविदाएं अस्वीकृति के योग्य होंगी।

25. संस्थान एवं ठेकेदार के बीच अनुबंध से उत्पन्न कोई भी विवाद ग्वालियर के क्षेत्रीय अधिकार-क्षेत्र के अधीन होगा।

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर
(सम विश्वविद्यालय)

अनुलग्नक 'A'

## तकनीकी बिड हेतु प्रोफार्मा

**संस्थान परिसर के आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों पर स्थित पीवीसी/आरसीसी ओवरहेड टैंकों की यांत्रिकृत सफाई हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध**

| क्र.सं. | विवरण | क्या दस्तावेज़ संलग्न करना है | यहां सूचना भरें | प्रति पृष्ठ सं. पर संलग्न |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फर्म/कंपनी/एजेंसी/ठेकेदार का नाम। | | | लागू नहीं |
| 2 | पूर्ण पता, टेलीफोन/मोबाइल नं., ई-मेल पता, वेबसाइट आदि। | | | लागू नहीं |
| 3 | कुलसचिव, एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में बिड सिक्योरिटी (EMD)। | **हाँ/नहीं** | | |
| 4 | टर्नओवर प्रमाण-पत्र, **अनुलग्नक 'B'** में दिए गए प्रारूप में। | **हाँ/नहीं** | | |
| 5 | CGST/SGST अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण, यदि लागू हो, नवीनतम कर रिटर्न की प्रति सहित। | **हाँ/नहीं** | | |
| 6 | बोलीदाता का पंजीयन प्रमाण-पत्र। (प्रमाणित दस्तावेज़ प्रस्तुत करें।) | **हाँ/नहीं** | | |
| 7 | एजेंसी का स्थायी खाता संख्या (PAN) तथा पूर्ववर्ती 3 वित्तीय वर्षों का आयकर रिटर्न। | **हाँ/नहीं** | | |
| 8 | 31 मार्च 2025 को समाप्त विगत 3 वित्तीय वर्षों के दौरान औसत वार्षिक वित्तीय टर्नओवर अनुमानित लागत के कम से कम 30% होना चाहिए (आयकर रिटर्न सहित संबंधित वर्षों की बैलेंस शीट संलग्न करें)। | **हाँ/नहीं** | वि.वर्ष टर्नओवर<br>2022-2023<br>2023-2024<br>2024-2025 | |
| 9 | विगत 7 वर्षों (नवंबर 2025 तक) में सरकारी या अन्य संगठनों/PSUs/शैक्षणिक संस्थानों में समान कार्य अर्थात् पीवीसी/आरसीसी ओवरहेड टैंकों की यांत्रिकृत सफाई का सफलतापूर्वक निष्पादन का अनुभव, निम्नानुसार:- तीन समान पूर्ण कार्य प्रत्येक अनुमानित लागत के 40% के बराबर राशि से कम न हो; अथवा दो समान पूर्ण कार्य प्रत्येक अनुमानित लागत के 50% के बराबर राशि से कम न हो; अथवा एक समान पूर्ण कार्य अनुमानित लागत के 80% के बराबर राशि से कम न हो। (कार्य आदेशों की प्रतियां संबंधित अनुबंध पूर्णता प्रमाण-पत्रों सहित संलग्न करें।) | **हाँ/नहीं** | | |

(10)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | टैंकों को कीटाणुरहित करने हेतु प्रयुक्त एंटी-बैक्टीरियल एजेंट की खरीद के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) से प्राप्त लाइसेंस की प्रति अथवा विगत दो वर्षों के दौरान FDA की लाइसेंस प्राप्त फर्म से एंटी-बैक्टीरियल एजेंट की खरीद का प्रमाण प्रस्तुत करें। | हाँ/नहीं | | |
| 11 | अनुबंध कार्य के निष्पादन हेतु निम्नलिखित जल टैंक सफाई उपकरण न्यूनतम आवश्यकता होंगे:- पोर्टेबल सबमर्सिबल पंप (3000 लीटर/घंटा प्रवाह दर सहित)। स्लज रिमूवल पंप। उच्च दबाव वाटर जेट पंप (80-140 बार दबाव)। औद्योगिक वैक्यूम क्लीनर। FDA अनुमोदित एंटी-बैक्टीरियल सामग्री; यू.वी. रेड फिक्स्चर्स। (मशीनों की व्यवस्था एवं रखरखाव ठेकेदार द्वारा किया जाएगा एवं अनुबंध से पूर्व इनका संस्थान को निरीक्षण कराना आवश्यक होगा।) | हाँ/नहीं | | |
| 12 | रु. 500/- के गैर-न्यायिक स्टांप पर शपथ-पत्र पर निम्नलिखित आशय की घोषणा प्रस्तुत करना आवश्यक है कि बिडदाता कंपनी के स्वामी/फर्म/भागीदार के विरुद्ध किसी न्यायालय में कोई लंबित मामला नहीं है; बिडदाता ने विगत तीन वर्षों के दौरान वैधानिक देय जैसे EPF, EST, GST, आयकर आदि के भुगतान में चूक नहीं की है; बिडदाता को विगत तीन वर्षों के दौरान किसी सरकारी अथवा अन्य संगठन/PSU/स्वायत्त निकाय/सरकारी शैक्षणिक संस्थान द्वारा कालीसूचीबद्ध नहीं किया गया है, न ही उसके किसी अनुबंध को विगत तीन वर्षों के दौरान अवधि समाप्ति से पूर्व समाप्त किया गया है। | हाँ/नहीं | | |

## घोषणा

1. मैं/हम निविदा दस्तावेज़ को, जिसमें सामान्य शर्तें एवं नियम, कार्य का दायरा एवं निविदा को नियंत्रित करने वाली विशिष्टियाँ सम्मिलित हैं, ध्यानपूर्वक पढ़ चुके हैं एवं समझ चुके हैं। मैं/हम इनका पालन करने का वचन देते हैं।

2. मैं/हम एतद्द्वारा पुष्टि करते हैं कि इस निविदा में प्रदान की गई समस्त सूचनाएं मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही हैं तथा कोई भी सारगर्भित तथ्य इससे छिपाया नहीं गया है।

3. मैं/हम सहमति देते हैं कि निविदा समिति एवं/अथवा संस्थान के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय हम पर अंतिम एवं स्वीकार्य होगा।

**बोलीदाता के हस्ताक्षर:** ____________________

**एजेंसी का नाम:** ____________________

**पता एवं फोन:** ____________________

**रबर मोहर:** ____________________

अनुलग्नक 'B'

# टर्नओवर प्रमाण-पत्र

## एल.एन.आई.पी.ई., ग्वालियर में निविदा दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के प्रयोजन हेतु

*(मूल रूप में प्रस्तुत किया जाना है)*

यह प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स .................................................................................. ने विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान निम्नलिखित टर्नओवर एवं लाभ/हानि दर्ज की है:-

| वित्तीय वर्ष | वार्षिक टर्नओवर (रुपयों में) | शुद्ध लाभ/हानि |
|---|---|---|
| 2022-23 | | |
| 2023-24 | | |
| 2024-25 | | |

उपरोक्त सूचना/आंकड़े हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं प्रामाणिक हैं तथा उक्त फर्म की बैलेंस शीट एवं/अथवा आयकर रिटर्न से लिए गए हैं।

**दिनांक:**

**स्थान:**

**चार्टर्ड एकाउंटेंट के हस्ताक्षर एवं मोहर**

पंजीकरण सं. .......................................

## बोलीकर्ता द्वारा घोषणा

मैं/हम एतद्द्वारा उपरोक्त दस्तावेज़ मूल रूप में प्रस्तुत करते हैं एवं संलग्न ITR तथा इन तीनों वित्तीय वर्षों की बैलेंस शीट के आधार पर इसकी शुद्धता/सत्यता का वचन देते हैं। मैं/हम जानते हैं कि किसी भी मिथ्या सूचना/मनगढ़ंत दस्तावेज़ प्रस्तुत करने पर मेरी/हमारी निविदा को किसी भी चरण पर, अनुबंध प्रदाय किये जाने के दौरान सहित, अस्वीकृत किया जाएगा, साथ ही उपयुक्त कानून के अंतर्गत अभियोजन के दायित्व भी होंगे।

**दिनांक:**

**स्थान:**

**बोलीदाता के हस्ताक्षर:** ____________________

**एजेंसी का नाम, पता, फोन नं. (मोहर सहित):** ________________

# लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर

(मानद विश्वविद्यालय)

अनुलग्नक 'C'

## वित्तीय बिड हेतु प्रोफार्मा

**संस्थान परिसर के आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों पर स्थित पीवीसी/आरसीसी ओवरहेड टैंकों की यांत्रिकृत सफाई हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध के पुरस्कार हेतु**

| क्र.सं. | स्थान का विवरण | क्षमता | मात्रा* (अस्थायी) | यांत्रिकृत सफाई की आवृत्ति | कार्य की दर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवासीय छात्रावास एवं भोजनालय (मेस) | 1000 लीटर तक<br>1001 से 5000 लीटर तक | 138 नग<br>27 नग | दो माह में एक बार | |
| 2 | गैर-आवासीय भवन: (शैक्षणिक, प्रशासनिक, पुस्तकालय एवं अन्य भवन) | 1000 लीटर तक<br>1001 से 5000 लीटर तक | 123 नग<br>36 नग | चार माह में एक बार | |
| 3 | आवासीय क्वार्टर | 1000 लीटर तक | 188 नग | छः माह में एक बार | |
| 4 | ओवरहेड टैंक:<br>(A) एथलेटिक ट्रैक के सामने (टैंक सं.1)<br>(B) आवासीय क्वार्टर के सामने (टैंक सं.2)<br>(C) प्रशासनिक भवन के सामने (टैंक सं.3)<br>(D) नर्सरी में (टैंक सं.4)<br>(E) नवीन खेल विज्ञान ब्लॉक के निकट (टैंक सं.5)<br>(F) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स हॉस्टल (टैंक सं.6) | <br>25000 लीटर<br>35000 लीटर<br>15000 लीटर<br>15000 लीटर<br>50000 लीटर<br>10000 लीटर | <br>1 नग<br>1 नग<br>1 नग<br>1 नग<br>1 नग<br>4 नग | वर्ष में एक बार (अथवा आवश्यकतानुसार) | |

(*) एल.एन.आई.पी.ई. परिसर में वर्तमान में स्थापित टैंकों की लोकेशन के अनुसार, जो कि AMC की अवधि के दौरान नई खरीद/जोड़/हटाने के कारण समय-समय पर परिवर्तित हो सकती है। प्लांट्स के किसी भी नए जोड़ की दरें संबंधित श्रेणी के टैंक के लिए निर्धारित दर के अनुसार होंगी एवं ऐसे मामलों में भुगतान AMC की अवधि हेतु यथानुपातिक आधार पर किया जाएगा।

(14)

## घोषणा

1. मैं/हम निविदा दस्तावेज़ को, जिसमें सामान्य शर्तें एवं नियम, कार्य का दायरा एवं निविदा को नियंत्रित करने वाली विशिष्टियाँ सम्मिलित हैं, ध्यानपूर्वक पढ़ चुके हैं एवं समझ चुके हैं। मैं/हम इनका पालन करने का वचन देते हैं।

2. मैं/हम एतद्द्वारा पुष्टि करते हैं कि इस निविदा में प्रदान की गई समस्त सूचनाएं मेरी/हमारी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही हैं तथा कोई भी सारगर्भित तथ्य इससे छिपाया नहीं गया है।

3. मैं/हम सहमति देते हैं कि निविदा समिति एवं/अथवा संस्थान के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय हम पर अंतिम एवं स्वीकार्य होगा।

**ठेकेदार के हस्ताक्षर:** ____________________

**एजेंसी का नाम:** ____________________

**पता एवं फोन:** ____________________

**रबर मोहर:** ____________________